दिनांक 03.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम जनदर्शन में आयुक्त के0एल0 चौहान को निगम के नागरिकों द्वारा 77 आवेदन प्राप्त हुए। पूर्व के आवेदनों के निराकृत जानकारी भी आवेदकों को दी गई। आयुक्त को प्राप्त आवेदनों में मांग के संबंध में 64 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं समस्याओं के 20 आवेदन प्राप्त हुए। मांग के आवेदनों को जोन आयुक्त द्वारा स्थल का निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने कहा, साथ ही देखेंगे की उक्त आवेदन मांग सुराज के आवदेन में भी तो नहीं है क्योंकि सुराज के आवेदनों के प्रस्ताव शासन को भेजे गये हैं। आवेदकों को इसकी भी जानकारी जोन आयुक्त प्रदान करें।

उज्जवला, राशन कार्ड, मजदुर कार्ड, स्मार्ट कार्ड के आवेदन संबंधित विभागों से चर्चा कर इसका निराकरण किया जायेगा, क्योंकि अन्य विभागों के अधिकारियों से चर्चा के अनुरुप आवश्यक रुप से अधिकारियों की उपस्थिति में इसका निराकरण किया जा सके। राशन कार्ड के संबंध में जिन हितग्राहियों का नाम गरीबी रेखा की सर्वे सूची में सम्मिलित है उन्ही हितग्राहियों का राशन कार्ड बन सकेगा।

प्रथम रुप से गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम आवश्यक है। अतिक्रमण, अवैध निर्माण के आवेदनों में एक सप्ताह में कार्यवाही होगी, निर्माणाधीन अतिक्रमण पहले हटाये जावेंगे। आयुक्त के0एल0 चौहान ने जोन आयुक्तों से कहा कि यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि नये अतिक्रमण व निर्माण न हो। शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही करें।

वार्ड 7 के पार्षद ने विकास कार्यों को लेकर, वार्ड 18 के पार्षद मजदुर कार्ड, व वार्ड 43 के पार्षद ने आंगनबाड़ी की जांच में जाने व वार्ड 70 की पार्षद ने भी आज आयुक्त को आवेदन दिये। निगम के एल्डरमेन ने 77 एम.एल.डी. की व्यवस्था के संदर्भ में आयुक्त से चर्चा की, आयुक्त ने जानकारी दी कि व्यवस्था में तेजी से सुधार किया जा रहा हैं। उसका निरीक्षण भी नियमित हो रहा है।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने नागरिकों से कहा कि वे एक बार आवेदन करने के पश्चात् उसी आवेदन को दोबारा न करें। निर्माण कार्यों के लिए समय लगेगा क्योंकि निर्माण कार्यों के लिए राशि शासन से प्राप्त करना है। संधारण के कार्यों को शीघ्र करने के लिए जोन आयुक्त को कहा जिसमें साप्ताहिक बाजारों की व्यवस्था व सड़कों के संधारण कार्य को शीघ्र करने कहा ताकि बारिश में असुविधा न हों।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने विद्युत संधारण, सड़क प्रकाश व्यवस्था, हेतु जोन आयुक्तों को अतिरिक्त राशि प्रदान करते हुए शीघ्र विद्युत प्रकाश व्यवस्था का संधारण व केन्द्रीय कोष्ठागार को निविदा आमंत्रित करने कहा, ताकि विद्युत प्रकाश व्यवस्था की संधारण कार्यवाही तुरंत हो। निदान में आने वाले शिकायतों को प्राथमिकता

से दुर करने कहा। जनदर्शन में आयुक्त 11:00 बजे से 02:00 बजे तक उपस्थित रहें। जनदर्शन 11:00 बजे से 01:00 बजे तक होता है। जनदर्शन में निगम के विभाग प्रमुख व जोन आयुक्त उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी